collegebatch.com

**Series QS1PR/1**

**SET-1**

**प्रश्न-पत्र कोड 2/1/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या 14 है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं — खण्ड अ और ब ।*

*(iii) **खण्ड अ** में 40 बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

collegebatch.com

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न) **40 अंक**

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

अक्सर हम अपनी बातों में अपने परिवार, समाज और देश की बात करते हैं कि यह मेरा परिवार है, यह मेरा शहर है और यह मेरा देश है परंतु एक विचारधारा ऐसी भी है जिसके अंतर्गत पूरी दुनिया एक ही परिवार है, सब एक दूसरे से जुड़े रहते हैं, जिसे 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की संज्ञा से अभिहित किया गया । 'वसुधैव कुटुम्बकम्' सदियों से भारतीय दर्शन और अध्यात्म का हिस्सा है । यह सार्वभौमिक भाई-चारे और समस्त प्राणियों के अंतर्संबंध के विचार को पोषित करता है । समय के साथ-साथ 'वसुधैव कुटुम्बकम्' को भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में देखा जाने लगा जो करुणा के मूल्यों, विविधता के प्रति सम्मान और दुनिया में एकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है । वर्तमान में इसको अधिक मान्यता और लोकप्रियता प्राप्त हुई है । देखा जाए तो यह सूत्र वैश्विक सहयोग और समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है । इस दर्शन को व्यवहार में लाने से वैश्विक स्तर पर शांति और सहयोग को बढ़ाया जा सकता है जो स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी लाभान्वित कर सके, आपसी सम्मान और समझ के माध्यम से संघर्षों को कम करके सद्भाव को बढ़ावा देने में सहायक हो सके ।

इस पावन धरा पर रहने वाले लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं, इस अवधारणा का पल्लवन ही युद्ध और वैमनस्य की विभीषिका को दूर करने में सहायक हो सकता है । साहित्य, संगीत और कला की त्रिवेणी में इस अवधारणा के उपयोग के कारण यह वाक्यांश आधुनिक युग में अधिक व्यापक रूप से लोकप्रिय हुआ है । आज 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की बढ़ती प्रासंगिकता और आवश्यकता ने भारतीय संस्कृति और साहित्य की ओर भी विश्व का ध्यान आकृष्ट करने का काम किया है क्योंकि यह विचार भारतीय दर्शन को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने के साथ विश्व को भी बंधुत्व की भावना से ओतप्रोत कर रहा है और यही नूतन रूप में वैश्वीकरण है । जिस दिन पृथ्वी के सभी लोग समस्त भेदभाव भुलाकर एक परिवार की तरह आचरण करने लगेंगे उसी दिन सच्ची मानवता का उदय होगा ।

(i) केवल अपने परिवार, समाज और देश की बातें करना किस विचारधारा का द्योतक है ?

(A) सीमित (B) असीमित

(C) संकुचित (D) अनुदार

collegebatch.com

(ii) संदर्भ के अनुसार गद्यांश में 'सार्वभौमिक' शब्द का सटीक अर्थ क्या हो सकता है ?

(A) व्यापक दृष्टिकोण (B) सामूहिक रूप

(C) देशव्यापी (D) सामान्य रूप

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : संपूर्ण विश्व एक ही परिवार है ।

कथन II : प्रत्येक प्राणी से वार्तालाप करना चाहिए ।

कथन III : प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए ।

कथन IV : मानव-मूल्यों का संवर्धन करना चाहिए ।

गद्यांश के अनुसार उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन I सही है ।

(B) केवल कथन II सही है ।

(C) केवल कथन II और III सही हैं ।

(D) केवल कथन I और IV सही हैं ।

(iv) गद्यांश के अनुसार भारतीय दर्शन और अध्यात्म का हिस्सा है :

(A) परोपकार की भावना

(B) सहानुभूति की भावना

(C) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना

(D) अहिंसा की भावना

(v) वर्तमान समय में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की प्रासंगिकता क्यों बढ़ रही है ?

(A) लोगों के बीच बढ़ते पारस्परिक भेदभाव के कारण

(B) पृथ्वी के अलग-अलग देशों में बँट जाने के कारण

(C) भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग होने के कारण

(D) भारतीय दर्शन और अध्यात्म में इसका उल्लेख होने के कारण

collegebatch.com

(vi) गद्यांश में 'विविधता के प्रति सम्मान' कथन किस बात की ओर संकेत करता है ?

(A) विविध प्रयोजन

(B) वैश्विक समझ, सम्मान और सद्भाव

(C) एकता में विविधता

(D) विविध सरोकार

(vii) इस पावन धरा पर रहने वाले लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं, इस अवधारणा का पल्लवन ही :

(A) युद्ध और संघर्ष का आतंक समाप्त कर सकता है

(B) बेरोज़गारी समाप्त कर सकता है

(C) देश से पलायन समाप्त कर सकता है

(D) अशिक्षा का समाधान कर सकता है

(viii) साहित्य, संगीत और कला की त्रिवेणी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' को किस प्रकार चरितार्थ करती है ?

(A) व्यक्ति-विशेष को प्रभावित करके

(B) समाज-विशेष को प्रभावित करके

(C) देश-विशेष की धरोहर बनकर

(D) विश्व-धरोहर बनकर

(ix) वैश्वीकरण किस प्रकार संभव है ?

(A) विश्व बंधुत्व की भावना से (B) प्रगति की भावना से

(C) वैमनस्य की भावना से (D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण से

(x) सच्ची मानवता का उदय कब होगा ?

(A) जब नैतिकता का विकास होगा

(B) जब बंधुत्व की भावना से विश्व-कल्याण होगा

(C) जब व्यावसायिक दृष्टिकोण होगा

(D) जब गुणों का विकास होगा

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

सामने कुहरा घना है
और मैं सूरज नहीं हूँ
क्या इसी अहसास में जिऊँ
या जैसा भी हूँ नन्हा-सा
एक दिया तो हूँ
क्यों न उसी की उजास में जिऊँ
हर आने वाला क्षण
मुझे यही कहता है –
अरे भई, सूरज तो नहीं हो तुम
और मैं कहता हूँ –
न सही सूरज
एक नन्हा दिया तो हूँ
जितनी भी है लौ मुझमें
उसे लेकर जिया तो हूँ ।
कम-से-कम मैं उनमें तो नहीं
जो चाँद दिल के बुझाए बैठे हैं
रात को अमावस बनाए बैठे हैं
उड़ते फिर रहे थे जो जुगनू आँगन में
उन्हें भी मुट्ठियों में दबाए बैठे हैं ।

(i) सामने कुहरा घना है – पंक्ति में 'कुहरा' किस ओर संकेत करता है ?

(A) अँधेरा (B) धुंध
(C) हताशा-निराशा (D) अंधकार

(ii) 'जैसा भी हूँ नन्हा-सा एक दिया तो हूँ' – कथन में निहित भाव है :

(A) आत्मविश्वास का (B) निराशा का
(C) हताशा का (D) दृढ़ता का

(iii) 'जो चाँद दिल के बुझाए बैठे हैं' – पंक्ति द्वारा कवि ने किन्हें संबोधित किया है ?

(A) आत्मकेंद्रित व्यक्तियों को

(B) उत्साहहीन व्यक्तियों को

(C) अहंकारी व्यक्तियों को

(D) स्वाभिमानी व्यक्तियों को

(iv) स्तंभ-I में दिए गए पदों को स्तंभ-II में दिए गए प्रतीकार्थों से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | सूरज | (i) | शक्तियों को नियंत्रण में करना |
| 2. | अमावस | (ii) | घनघोर निराशा |
| 3. | जुगनू दबाना | (iii) | सर्वशक्ति संपन्नता |

**विकल्प :**

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

(B) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

(C) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i)

(D) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(v) यह कविता क्या संदेश देती है ?

(A) चलते रहने का

(B) प्रकाश फैलाने का

(C) शक्ति भर जीने का

(D) शांत रहने का

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

(i) किसी घटना के दृश्य एवं प्रत्यक्षदर्शियों या संबंधित व्यक्तियों का कथन दिखा और सुनाकर ख़बर को प्रमाणिकता प्रदान करना क्या कहलाता है ?

(A) एंकर-पैकेज (B) एंकर-बाइट

(C) एंकर-विजुअल (D) ड्राई एंकर

collegebatch.com

(ii) कौन-सा समाचार-पत्र प्रिंट रूप में उपलब्ध न होकर केवल इंटरनेट पर ही उपलब्ध है ?

(A) अमर उजाला

(B) जनसत्ता

(C) प्रभात ख़बर

(D) प्रभासाक्षी

(iii) समाचार और फ़ीचर पत्रकारीय लेखन के दो प्रमुख रूप हैं, परंतु दोनों में पर्याप्त अंतर है, अत: निम्नलिखित में से समाचार के लिए अनिवार्य ***नहीं*** है :

(A) सूचना देना

(B) फोटो या ग्राफिक्स होना

(C) ताज़ी घटना से अवगत कराना

(D) शब्द सीमा का होना

(iv) कुछ लेखक अपने वैचारिक रुझान और लेखन शैली के लिए पहचाने जाते हैं, ऐसी लोकप्रियता देखकर उन्हें नियमित लेखन का जिम्मा दिया जाता है, उस लेखन को कहा जाता है :

(A) स्तंभ लेखन

(B) फ़ीचर लेखन

(C) आलेख लेखन

(D) विचारपरक लेखन

(v) पार्थ एक पत्रकार हैं । वे सामान्य समाचारों से आगे बढ़कर विज्ञान-प्रौद्योगिकी विषय से जुड़ी घटनाओं, मुद्दों और समस्याओं का बारीकी से विश्लेषण करते हैं । उनकी रिपोर्टिंग को क्या कहा जा सकता है ?

(A) बीट रिपोर्टिंग

(B) विशेषीकृत रिपोर्टिंग

(C) फ्रीलांसिंग

(D) संपादकीय

collegebatch.com

## (पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

(i) कवि ने कविता के विषय में क्या बताया ?

(A) एक उत्सव है (B) एक मंज़िल है
(C) एक यात्रा है (D) एक पंछी है

(ii) कविता और चिड़िया में समानता है :

(A) उड़ान की (B) पंखों की
(C) गति की (D) विचारों की

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन का चयन कर लिखिए :

(A) चिड़िया और कविता दोनों की उड़ान व्यापक है ।
(B) चिड़िया की उड़ान एक सीमा तक है परंतु कविता की उड़ान असीम है ।
(C) कविता की उड़ान चिड़िया की उड़ान पर निर्भर करती है ।
(D) चिड़िया दूर तक उड़ सकती है जबकि कविता केवल किताब के पन्नों तक ।

(iv) 'कविता के पंख लगा उड़ने के माने'– में 'कविता के पंख' से तात्पर्य है :

(A) विशद व्याख्या (B) शब्द-अर्थ की विसंगति
(C) संश्लेषण-विश्लेषण (D) कल्पनाशीलता

(v) कविता की उड़ान को कौन ***नहीं*** समझ सकता ?

(A) पाठक (B) चिड़िया
(C) कवि (D) समीक्षक

collegebatch.com

**5.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम-निशान नहीं है । अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है । हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

(i) गद्यांश में प्रयुक्त 'त्याग' शब्द का समानार्थी शब्द हो सकता है :

(A) त्योरस (B) त्यजन

(C) त्यौनार (D) त्योहार

(ii) गद्यांश का केंद्रीय भाव है :

(A) देश प्रेम की व्याख्या

(B) भ्रष्टाचार की व्याख्या

(C) वर्षा का वर्णन

(D) स्वार्थ और भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन का चयन कर लिखिए :

(A) जब मनुष्य निज स्वार्थ की सोचता है तब वह देश हित के लिए भी कार्य करता है ।

(B) जब मनुष्य अपने कर्तव्य से अधिक अधिकार की माँग करता है तब वह त्याग का नाम भी लेता है ।

(C) जब मनुष्य समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चर्चा करता है तो उसके उन्मूलन के विकल्प भी सोचता है ।

(D) जब मनुष्य निज स्वार्थ को सर्वोपरि मानता है तब वह भी भ्रष्टाचार का अंग बन जाता है ।

collegebatch.com

(iv) स्तंभ-I में दिए गए कथनों के आशय को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | पानी झमाझम बरसता है । | (i) | अपार धन-राशि प्रेषित की जाती है । |
| 2. | काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं । | (ii) | जन सामान्य की आवश्यकताएँ/स्थिति जस-की-तस रह जाती हैं । |
| 3. | गगरी फूटी रह जाती है, बैल पियासे रह जाते हैं । | (iii) | सहायता हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएँ बनती हैं । |

**विकल्प :**

(A) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii)

(B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

(D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

(v) "आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?" गद्यांश से उद्धृत इस कथन के संदर्भ में लिखिए कि देश की स्थिति कैसे बदलेगी ।

(A) अपनी भलाई कर लेने से

(B) मन में विचार कर लेने से

(C) स्वार्थ और भ्रष्टाचार से दूरी बना लेने से

(D) सबको आजीविका प्राप्त होने से

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

(i) लेखक ने यशोधर बाबू को किशनदा का कौन-सा पुत्र कहा है ?

(A) मानस पुत्र (B) दत्तक पुत्र

(C) पुत्र (D) जन्मजात पुत्र

(ii) मुअनजो-दड़ो के सबसे ऊँचे चबूतरे पर क्या विद्यमान है ?

(A) मंदिर (B) राजमहल

(C) बौद्ध स्तूप (D) विशाल भवन

collegebatch.com

(iii) मुअनजो-दड़ो की मुख्य सड़क की चौड़ाई कितनी है ?

(A) 32 फीट

(B) 20 फीट

(C) 33 फीट

(D) 23 फीट

(iv) 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* सिल्वर वैडिंग की भव्य पार्टी भी यशोधर बाबू को 'समहाउ इंप्रॉपर' लगी ।

*कारण :* यशोधर बाबू को केक काटना विलायती परंपरा और बचकानी बात मालूम होती थी ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, कारण ग़लत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(v) 'जूझ' पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : लेखक अपने अध्यापक से सुनी कविताएँ पढ़ाई करते हुए गाता था ।

कथन II : मंत्री मास्टर गणित पढ़ाते थे ।

कथन III : मास्टर सौंदलगेकर के प्रयास से लेखक की हिंदी भाषा सुधरने लगी ।

कथन IV : लेखक के पिता उसे पढ़ने के लिए प्रेरित करते थे ।

सही कथन/कथनों वाले विकल्प का चयन कर लिखिए :

(A) कथन I तथा II सही हैं ।

(B) कथन II सही है ।

(C) कथन II तथा III सही हैं ।

(D) कथन I, II तथा IV सही हैं ।

collegebatch.com

(vi) अपने बेटों से तमाम तरह की शिकायतें होने पर भी यशोधर बाबू को उन पर गर्व क्यों था ?

(A) घर की आर्थिक स्थिति सुधर जाने के कारण

(B) छोटी उम्र में ही बेटे द्वारा मोटी तनख्वाह पा जाने के कारण

(C) सांसारिक मानकों के अनुसार बड़ा आदमी मान लिये जाने के कारण

(D) घर में आधुनिक सुख-सुविधा के साधन आ जाने के कारण

(vii) पाठशाला जाने की बात लेखक ने सबसे पहले किससे की ? 'जूझ' कहानी के आधार पर लिखिए ।

(A) दादा से

(B) माँ से

(C) दत्ता जी राव से

(D) सौंदलगेकर से

(viii) 'जूझ' कहानी से लेखक की किस प्रकृति का उद्घाटन होता है ?

(A) घूमने-फिरने की

(B) झूठ बोलने की

(C) संघर्ष करने की

(D) अपने मन का करने की

(ix) 'सिल्वर वैडिंग' पाठ में पत्नी द्वारा मकान के संदर्भ में भविष्य की चिंता किए जाने पर यशोधर बाबू द्वारा नकली हँसी हँसने का कारण था :

(A) अपनी गलती स्वीकार करना

(B) अपनी परेशानी को छिपाना

(C) पत्नी की खिल्ली उड़ाना

(D) मन ही मन खुश होना

(x) लेखक के अनुसार सिंधु सभ्यता का सौन्दर्य है, उसके :

(A) राज-पोषित होने में

(B) समाज-पोषित होने में

(C) धर्म-पोषित होने में

(D) व्यापार-पोषित होने में

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न) **40 अंक**

### (जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *6*

(क) प्रातःकाल योग करते लोग

(ख) मौसम की पहली बारिश

(ग) मेरी पसंदीदा कहानी

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *2×2=4*

(i) (क) नाट्य रूपांतरण करते समय कहानी की कथावस्तु के दृश्यों का निर्धारण करने में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

**अथवा**

(ख) सामान्यत: रेडियो नाटकों की अवधि कितनी होती है और क्यों ?

(ii) (क) अप्रत्याशित लेखन किसे कहते हैं ?

**अथवा**

(ख) मुद्रित माध्यम की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**9.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'इंटरनेट पत्रकारिता' की लोकप्रियता के तीन कारण स्पष्ट कीजिए ।

(ख) पत्रकारीय विशेषज्ञता से क्या आशय है ? यह व्यावसायिक विशेषज्ञता से किस रूप में भिन्न है ?

(ग) साहित्यिक लेखन से समाचार लेखन की कला किस प्रकार भिन्न है ?

collegebatch.com

**(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**10.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास' – 'पतंग' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कवि ने ऐसा किसके लिए और क्यों कहा है ?

(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने 'भाषा को सहूलियत' से बरतने की सलाह क्यों दी है ।

(ग) फ़िराक की रुबाइयों में उभरे घरेलू जीवन के बिंबों का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

**11.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' – कविता के आधार पर बताइए कि चिड़ियों के परों में चंचलता आने के क्या कारण हो सकते हैं ।

(ख) 'उषा' कविता में 'राख से लीपा हुआ चौका (अभी गीला पड़ा है)' से क्या अभिप्राय है ?

(ग) तुलसी के अनुसार पेट की आग कैसी है और इसे किस प्रकार बुझाया जा सकता है ?

**12.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) अनेक कमियों के होते हुए भी भक्तिन लेखिका के लिए अनमोल क्यों थी ?

(ख) 'यही आवाज़ मृत गाँव में संजीवनी शक्ति भरती रहती थी ।' 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि गाँव को मृत क्यों कहा गया है और मृत गाँव को कौन-सी आवाज़ किस प्रकार संजीवनी देने का कार्य करती थी ?

(ग) लेखक ने शिरीष को अवधूत-रूप किन कारणों से माना है ?

collegebatch.com

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) पर्चेज़िंग पावर से क्या तात्पर्य है, बाज़ार पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ख) आंबेडकर की कल्पना का समाज कैसा होगा ? 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'पानी दे, गुड़धानी दे' – 'काले मेघा पानी दे' पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि गुड़धानी क्या है और इसकी माँग भी क्यों की जा रही है ?

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**14.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के संदर्भ में वर्तमान समाज के परिवार की संरचना और स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'जूझ' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके शीर्षक का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

(ग) उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए कि मुअनजो-दड़ो की सभ्यता लघुता में भी महत्ता का अनुभव कराने वाली सभ्यता थी ।